**SNBP INTERNATIONAL & Sr. SECONDARY SCHOOL, CHIKHALI, PUNE**

**Affiliation No. 1130703**
**PT 4 2024-25**

| GRADE: | SUBJECT: HINDI | DATE: | TIME: | MARKS: |
|---|---|---|---|---|
| VII | | 05.03.2025 | 3HRS | 60 |

# Answer Key

## खंड : क

**प्रश्न१.अ निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **(5Q X1M=5M)**

साहस की जिन्दगी सबसे बड़ी जिन्दगी होती है | ऐसी जिन्दगी की सबसे बड़ी पहचान यह है कि वह बिलकुल निडर, और बेखौफ होती है। साहसी मनुष्य की पहली पहचान यह है कि वह इस बात की चिंता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे में क्या सोच रहे हैं। जनमत की उपेक्षा करके जीने वाला आदमी दुनिया की असली ताकत होता है। अर्नाल्ड बेनेट ने एक जगह लिखा है कि जो आदमी यह महसूस करता है कि किसी महान निश्चय के समय वह साहस से काम नहीं ले सका, जिन्दगी की चुनौती को कबूल नहीं कर सका, वह सुखी नहीं हो सकता। बड़े मौके पर साहस नहीं दिखाने वाला आदमी बराबर अपनी आत्मा के भीतर एक आवाज़ सुनता रहता है। एक ऐसी आवाज़ जिसे वही सुन सकता है, वह रोक भी नहीं सकता ।

i) जिंदगी की सबसे बड़ी पहचान क्या है ?
क ) साहस  ख) बिल्कुल निडर और बेखौफ  ग) केवल निडर  घ) इनमें से सभी

ii) किसकी उपेक्षा करके जीने वाला आदमी दुनिया की असली ताकत होता है?
क ) साहसी मनुष्य के  ख) चुनौतियों की  ग) जनमत की  घ) उपर्युक्त सभी

iii) आदमी बराबर किसकी आवाज सुनता रहता है?
क ) अपनीआत्मा की  ख) अपने परिवार की  ग) अपने संबंधियों की  घ) इनमें से सभी

iv) साहस की जिंदगी कैसी जिंदगी होती है?
क ) सबसे बोझिल  ख) सबसे छोटी  ग) सबसे बड़ी  घ) कष्ट देने वाली

v) 'डर' का विलोम शब्द है–
क ) निडर  ख) चालाक  ग) डरपोक  घ) कायर

**आ निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **(5Q X1M =5M)**

कुछ लोग परिश्रम की अपेक्षा भाग्य को महत्त्व देते हैं। उनका कहना है कि जो भाग्य में होगा अवश्य मिलेगा, इसलिए दौड़-धूप करना व्यर्थ है। परंतु आलसी बनकर बैठे रहना और असफलता के लिए भाग्य को कोसना किसी प्रकार भी उचित नहीं। परिश्रम के बल पर मनुष्य भाग्य की रेखाओं को बदल सकता है। परिश्रमी व्यक्ति स्वावलंबी, ईमानदार और चरित्रवान होता है। परिश्रम के द्वारा ही मनुष्य अपनी परिवार की, जाति की तथा राष्ट्र की उन्नति में सहयोग दे सकता है। अतः परिश्रम करने की प्रवृत्ति मनुष्य को विद्यार्थी जीवन से ही ग्रहण करनी चाहिए |

i) भाग्य को महत्त्व देने वालों का कहना है कि-
क) जो भाग्य में नहीं होगा वही मिलेगा  ख) जो परिश्रमी होगा वही पाएगा
ग) जो भाग्य में होगा,अवश्य मिलेगा  घ) भाग्य हमारा संरक्षक है

ii) क्या उचित नहीं है?

क)आलसी बैठे रहना     ख) भाग्य को कोसना     ग) कर्म न करना     घ) 'क' और 'ख' दोनों

Iii) परिश्रमी व्यक्ति कैसे होते हैं?

क) स्वावलंबी, ईमानदार और चरित्रवान     ख) मूर्ख और आलसी
ग) बुद्धिमान और साहसी     घ) इनमें से कोई नहीं

iv) किसके बल पर मनुष्य भाग्य की रेखाओं को बदल सकता है?

क ) सहयोग के     ख) उन्नति के     ग) परिवार के     घ) परिश्रम के

v) परिश्रम का पर्यायवाची शब्द होगा–

क) आलस,डरपोक, मेहनत     ख) श्रम ,सहयोग, ईमानदार
ग) श्रम, मेहनत, उद्यम     घ) निडर, सदुपयोग, सहयोग

**प्रश्न.२अ निम्नलिखित में से किन्ही सात प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए** **(7Q X1M =7 M)**

१) निम्न में से निश्चित परिमाणवाचक विशेषण है–
क) तीन लीटर     ख) थोड़ा     ग) ज्यादा     घ) इतना

२) अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम का उदाहरण है–

क) तुम     ख) हम     ग) वह     घ) मैं

३) माली पौधे लगा रहा था। – कौन- सी क्रिया है?

क) प्रेरणार्थक क्रिया     ख) अकर्मक क्रिया     ग) सकर्मक क्रिया     घ) संयुक्त क्रिया

४) दिए गए वाक्य में कौन- सा पूर्ण भूतकाल है?

क) राम कल दिल्ली गया था     ख) दादा जी जा रहे हैं     ग) शबाना कहानी पढ़ती है     घ) शायद आज वर्षा हो!

५) निम्न में से कौन- सा स्थान वाचक क्रिया विशेषण है?

क) कब     ख) यहाँ     ग) जल्दी-जल्दी     घ) थोड़ा

६) दिए गए वाक्य में से उचित विस्मयादिबोधक वाक्य चुनकर लिखिए।

क) अरे आप कब! आए     ख) वाह ! क्या छक्का लगाया है
ग) शाबाश ऐसे ही! अच्छे काम करो     घ) रोटी खाओगे या नान ?

७) सभी छात्र खड़े हो जाओ | – अर्थ के आधार पर कौन - सा वाक्य है?

क) संदेहवाचक     ख) आज्ञावाचक     ग) प्रश्नवाचक     घ) विस्मयवाचक

८) दिए गए मुहावरे का सही अर्थ चुनकर लिखिए। – आग बबूला होना

क) खुश हो जाना     ख) खुशी से फूलान समाना     ग) गुस्से से भर जाना     घ) इनमें से कोई नहीं

**आ निम्नलिखित में से किन्ही सात प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए |** **(7Q X1M =7 M)**

१) रिक्त स्थान में शुद्ध शब्द लिखिए– माता-पिता आ-------।
क ) रहे हैं     ख) रहा है     ग) रही है     घ) इनमें से कोई नहीं

२) निम्न में से शुद्ध वाक्य को चुनकर लिखिए।

क) कमीज सिल गया है     ख) कमीज सिल गई है     ग) कमीज को सिल दिया गया है     घ) इनमें से कोई नहीं

३) दिए गए शब्दों में से शुद्ध वर्तनी चुनकर लिखिए।

क) आध्यान     ख) अध्यन     ग) अध्ययन     घ) अध्यायन

४) निम्न में से शुद्ध वाक्य को चुनकर लिखिए।

क) श्रीमान क्या सोच रहे हैं ? ख) श्रीमान तू क्या सोच रहा है ?
ग) श्रीमान क्या सोच रहा है ? घ) श्रीमान क्या सोचे जा रहा ?

५) गोदान कथा संक्षेप में लिखो | - रेखांकित शब्द में कौन –सा विराम चिह्न होगा ?

क ) इकहरा उद्धरण चिह्न ख) दोहरा उद्धरण चिह्न ग) योजक चिह्न घ) लाघव चिह्न

६) दिए गए मुहावरे का सही अर्थ चुनकर लिखिए। – रंग में भंग पड़ना

क) खुश हो जाना ख) खुशी से फूला न समाना ग) ख़ुशी में बाधा घ) इनमें से कोई नही

७) गिलास टूट कर गिर गया।– रचना के आधार पर कौन – सा वाक्य है ?

क ) सरल वाक्य ख) संयुक्त वाक्य ग) मिश्र वाक्य घ) इनमें से कोई नही

८) वह भाग कर गेंद उठा लिया। रेखांकित शब्द में कौन- सा सर्वनाम है?
क ) उत्तम पुरुषवाचक ख) मध्य पुरुषवाचक ग) अन्य पुरुषवाचक घ) इनमें से कोई नहीं

## खंड -ख

**प्रश्न.३अ दिए पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (5Q X 1M = 5M)**

वीर कुँवर सिंह के बचपन के बारे में बहुत अधिक जानकारी नहीं मिलती। कहा जाता है कि कुँवर सिंह का जन्म बिहार में शाहाबाद जिले के जगदीशपुर में सन् 1782 ई° में हुआ था। उनके पिता का नाम साहबज़ादा सिंह और माता का नाम पंचरतन कुँवर था। उनके पिता साहबज़ादा सिंह जगदीशपुर रियासत के ज़मींदार थे , परंतु उनको अपनी ज़मींदारी हासिल करने में बहुत संघर्ष करना पड़ा। पारिवारिक उलझनों के कारण कुँवर सिंह के पिता बचपन में उनकी ठीक से देखभाल नहीं कर सके। जगदीशपुर लौटने के बाद ही वे कुँवर सिंह की पढ़ाई – लिखाई की ठीक से व्यवस्था कर पाए।

i) पंचरतन कुँवर किसकी माता का नाम था?
क) साहबज़ादा कुँवर की ख) मंगल पांडे की
ग) कुँवर सिंह की घ) इनमें से कोई नहीं

ii) अपनी ज़मींदारी हासिल करने में किसको बहुत संघर्ष करना पड़ा?

क ) कुँवर सिंह को ख) रानी लक्ष्मीबाई को ग) साहबज़ादा
घ) बेगम हजरत महल को

iii) कुँवर सिंह के पिता का क्या नाम था?

क ) नाना साहेब ख) पंचरतन कुँवर ग) साहबज़ादा घ) इनमें से कोई नहीं

iv) कुँवर सिंह का जन्म कहाँ हुआ था?
क) महाराष्ट्र में ख) जगदीशपुर में ग) आरा जिले में घ) मध्य प्रदेश में

v) कुँवर सिंह की पढ़ाई लिखाई की व्यवस्था किसने की?
क) उनके पिता ने ख) उनकी माता ने ग) उनके भाई ने घ) इनमें से कोई नही

**आ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए | (2Q X 1M = 2M)**

१. स्टेशन से अतिथि और सामान को लाने के लिए किस साधन का प्रयोग करने की बात हो रही थी?
क) कार ख) ऑटो रिक्शा ग) बैलगाड़ी घ) रिक्शा

२. धनराज ने किस उम्र में जूनियर राष्ट्रीय हॉकी खेली?
क) चौदह साल ख) पंद्रह साल ग) सोलह साल घ) सत्रह साल में।

**प्रश्न.४ अ** **दिए पठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **(5Q X 1M = 5M)**

बरसे बदरिया सावन की, सावन की , मन – भावन की ।।

सावन में उमग्यो मेरो मनवा , भनक सुनी हरि आवन की।

उमड़ – घुमड़ चहुँदिस से आया , दामिन दमकै झर लावन की ।।

नन्हीं – नन्हीं बूँदन मेहा बरसे , शीतल पवन सुहावन की।

मीरा के प्रभु गिरधर नागर ! आनंद – मंगल गावन की ।।

i) उपर्युक्त पद्यांश में किस ऋतु का वर्णन है?
क) भादो ख) सावन ग) आसाढ़ घ) इनमें से कोई नहीं

ii) सावन के महीने में किसका मन उमंग से भर जाता है?
क) मीराबाई का ख) यशोदा का ग) गोपियों का घ) श्री कृष्ण का

iii) 'उमग्यो' शब्द से क्या अर्थ है?
क) दुखी होना ख) उमंग आना ग) सोना घ) इनमें से कोई नहीं

iv) चारों दिशाओं से उमड़ – घुमड़ कर क्या आ रहे हैं?
क) उत्साहित ख) उमंग ग) हवा घ) बादल

v) वर्षा ऋतु में क्या सुहावना लगता है?
क) बारिश ख) शीतल पवन ग) बिजली घ) बादल

**आ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए |** **(2Q X 1M = 2M)**

१. 'भोर और बरखा' कविता में किसको जगाने का प्रयास किया जा रहा है ?
क) ग्वाल-बाल को ख) बालक कृष्ण को ग) राधा को घ)कवयित्री को

२. तिनका कहाँ आ गिरा ?
क) कवि के पैर पर ख) कवि के सिर पर ग) कवि की आँख में घ) कवि की नाक में

**प्रश्न५ निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर २५ - ३० शब्दों में लिखिए |** **(3Q X 2M =6M)**

१. 'मेरी माँ ने मुझे अपनी प्रसिद्धि को विनम्रता से सँभालने की सीख दी है'-धनराज पिल्लै की इस बात का क्या अर्थ है?
धनराज पिल्लै का यह कहना 'मेरी माँ ने मुझे अपनी प्रसिद्धि को विनम्रता से सँभालने की सीख दी है। का तात्पर्य है कि मनुष्य चाहे कितनी भी सफलता की सीढ़ियाँ चढ़ जाए उसे कभी घमंड नहीं करना चाहिए और किसी को अपने से छोटा नहीं समझना चाहिए। माँ की इसी सीख को उन्होंने जीवन में अपनाया है।

२. कुब्जा और नीलकंठ के व्यवहार में अंतर स्पष्ट कीजिए।
**कुब्जा के स्वभाव में रूखापन था। वह किसी को भी नीलकंठ के पास नहीं आने देना चाहती थी। यहाँ तक कि उसने राधा को भी उससे अलग कर दिया। इसके विपरीत नीलकंठ का स्वभाव सरल था उसका सभी के साथ मेल-जोल था। वह सभी जीव-जंतुओं में अपनी एक विशेष पहचान रखता था। राधा के साथ उसका आत्मीय संबंध था, जब कुब्जा ने राधा से दूर किया तो उसने अपने प्राण ही त्याग दिए।**

३. कुँवर सिंह को बचपन में किन कामों में मज़ा आता था?
**वीर कुंवर सिंह को बचपन में पढ़ाई-लिखाई से ज्यादा घुड़सवारी करने, तलवारबाजी करने तथा कुश्ती लड़ने में मजा आता था। जब बड़े होकर स्वतंत्रता सेनानी बने तो इन कार्यों से उन्हें बहुत सहायता मिली।**

**तलवार चलाने व तेज़ घुड़सवारी से तो वे कदम-कदम पर अंग्रेजों को मात देते रहे**

४. गांधी जी छेनी, हथौड़े, बसूले क्यों खरीदना चाहते होंगे?

गांधी जी छेनी, हथौड़े, वसूले इसलिए खरीदना चाहते होंगे ताकि लोग कुटीर उद्योग, लुहार व बढ़ईगिरी आदि को बढ़ावा दें। आत्मनिर्भर बनें व छोटे-छोटे कामों के लिए दूसरों का मुँह न ताकें।

**प्रश्न६ निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर २५ - ३० शब्दों में लिखिए | (3Q X 2M =6M)**

१. 'एक तिनका' कविता में किस घटना की चर्चा की गई है, जिससे घमंड नहीं करने का संदेश मिलता है?

**'एक तिनका' कविता में कवि ने उस दिन की घटना की चर्चा की है जब उसे अपने ऊपर घमंड हो गया और वह अपने को श्रेष्ठ समझने लगा। तभी एक तिनका उसके आँख में घुस गया जिससे उसकी आँखे लाल हो गयीं। बड़े प्रयास करने पर जब तिनका निकला तब लेखक को समझ आई की उसके घमंड को चूर करने के लिए तिनका है। इससे घटना से यह संदेश मिलता है की हमें घमंड नही करना चाहिए।**

२. भाव स्पष्ट कीजिए— ऐंठता तू किसलिए इतना रहा , एक तिनका है बहुत तेरे लिए।

जब कवि को अपने ऊपर घमंड हो गया और वह अपने को श्रेष्ठ समझने लगा। तभी एक तिनका उसके आँख में घुस गया जिससे उसकी आँखे लाल हो गयीं। तब कवि को बात यह बात समझ में आई कि उसके घमंड को चूर करने के लिए तिनका ही बहुत है।

३. 'भोर और बरखा' पाठ के आधार पर सावन की विशेषताएँ लिखिए।

**सावन के आते ही बादल चारों दिशाओं में उमड़-घुमड़कर विचरण करने लगते हैं। बिजली चमकने लगती है, वर्षा की नन्हीं-नन्हीं बूंदे बरसती हैं। शीतल हवाएँ बहने लगती हैं और मौसम सुहावने लगने लगते हैं।**

४. पद के आधार पर ब्रज की भोर का वर्णन कीजिए|

**ब्रज में भोर होते ही ग्वालनें घर-घर में दही बिलौने लगती हैं, उनकी चूड़ियों की मधुर झंकार वातावरण में गूंजने लगती है, घर-घर में मंगलाचार होता है, ग्वाल-बाल गौओं को चराने के लिए वन में जाने की तैयारी करते हैं।**

## खंड : क

**नोट: विद्यार्थी स्वयं की अभिव्यक्ति अनुसार लिखेंगे।**

**प्रश्न७ निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निमंत्रण पत्र लिखिए | (1Q X 5M = 5M)**

क)अपनी बहन के विवाह का निमंत्रण देते हुए कार्ड के द्वारा निमंत्रण पत्र तैयार कीजिए।

ख) अपने जन्मदिन पर अपने चाचा जी को निमंत्रण देते हुए पत्र लिखिए।

**प्रश्न८ निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए| (1Q X 5M = 5M)**

क) जीवन में खेल - कूद का महत्त्व ख) दशहरा( विजयादशमी)